आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 21.12.2024
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव आज देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान में भारत वन स्थिति रिपोर्ट–2023 जारी करेंगे।
- राष्ट्रीय खेलों में इस वर्ष योग और मलखंब को शामिल किया गया।
- राज्य की जनता को राष्ट्रीय खेलों से जोड़ने के लिए 26 दिसंबर को हल्द्वानी से मशाल यात्रा शुरू होगी।
- प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए जिलेवार समीक्षा की जाएगी।
- उत्तरकाशी में सुशासन सप्ताह और 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत मुस्टिकसौड़ में बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित किया गया।

भारत वन स्थिति रिपोर्ट

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव आज देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान में भारत वन स्थिति रिपोर्ट–2023 जारी करेंगे। भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा 1987 से द्विवार्षिक आधार पर "भारत वन स्थिति रिपोर्ट प्रकाशित की जाती है। यह रिपोर्ट देश के वन और वृक्ष संसाधनों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करती है, जो भारतीय वन सर्वेक्षण की दो प्रमुख गतिविधियों यानी वन आवरण मानचित्रण और राष्ट्रीय वन सूची पर आधारित है।

राष्ट्रीय खेल आयोजन

उत्तराखंड में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय खेलों में इस वर्ष योग और मलखंब को शामिल कर दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पहली बार 38वें राष्ट्रीय खेलों में योग और मलखंब को शामिल किया गया है, जो उत्तराखंड को वैश्विक पहचान दिलाएगा। श्री धामी ने कहा कि इस कदम से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ पर योग को ओलंपिक खेलों में शामिल करने का दबाव बनेगा।

मशाल यात्रा

आगामी 38वें राष्ट्रीय खेलों से राज्य की जनता को जोड़ने के लिए 26 दिसंबर को हल्द्वानी से मशाल यात्रा शुरू होगी। यह यात्रा सभी 13 जिलों से होकर गुजरेगी। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम स्थित खेल सचिवालय में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक के बाद यह जानकारी दी। खेल मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मशाल यात्रा को रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार राष्ट्रीय खेलों को जन उत्सव के रूप में मनाना चाहती है इसलिए मशाल यात्रा से ज्यादा से ज्यादा आम जनता को जोड़ने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने सूचना विभाग के सचिव और महानिदेशक को खेलों के बारे में अधिक प्रचार प्रसार करने के लिए कहा।

## बजट परामर्श बैठक

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई पूर्व बजट परामर्श बैठक में उत्तराखंड सरकार ने 11 महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। इस दौरान वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने राज्य में इकोलॉजी और इकोनॉमी को ध्यान में रखते हुए प्रमुख योजनाओं जैसे भूजल संरक्षण, रोपवे, और जल विद्युत उत्पादन के लिए विशेष बजट आवंटन की सिफारिश की है। राज्य सरकार ने केंद्र से खास योजनाओं के लिए वित्तीय सहायता की भी मांग की। इसके साथ ही प्रदेश में आयुर्वेद संस्थान और साइबर सुरक्षा केंद्र की स्थापना का अनुरोध भी किया।

## लोकार्पण और शिलान्यास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में कल 54 करोड़ 31 लाख रुपये की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों की मेज़बानी के साथ हरिद्वार को खेल नगरी के रूप में पहचान मिलेगी, जिससे रोजगार और विकास के नए अवसर पैदा होंगे।

## स्वीकृति

देहरादून जिला चिकित्सालय में रक्तकोष भवन निर्माण के लिए बजट स्वीकृत हो गया है। अब, मरीजों को रक्त की कमी के कारण भटकने की स्थिति से राहत मिलेगी। रक्तकोष भवन निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होने वाला है, जो जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाएगा।

## हेली एंबुलेंस

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश एम्स की ओर से संचालित आपातकालीन हेली एंबुलेंस सेवा दुर्घटना के घायलों व गंभीर रूप से अस्वस्थ मरीजों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। इसी के तहत टिहरी जिले में आयोजित एक्रो फेस्टिवल में प्रतिभाग के दौरान प्रतापनगर क्षेत्र में गंभीर घायल पैराग्लाइडिंग पायलट को हेली एंबुलेंस सेवा से उपचार के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया।

हेली एंबुलेंस के नोडल अधिकारी डॉ. मधुर उनियाल ने बताया कि निशुल्क हेली एंबुलेंस के लिए ट्रॉमा व अन्य अत्यधिक गंभीर श्रेणी के मरीजों को तत्काल उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए जिला प्रशासन से सहयोग लिया जा सकता है।

समीक्षा

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए जिलेवार समीक्षा की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि इसकी रिपोर्ट एक माह के भीतर शासन को उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने विभागीय समीक्षा बैठक में सभी जिलों के राजकीय चिकित्सालयों में चिकित्सक, पैरामैडिकल स्टॉफ का गैप एनालिसिस कर रिपोर्ट भेजने के निदेश दिए। उन्होंने विभागीय अनुमति के बिना स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने गए चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई करने को भी कहा है।

बहुउद्देश्यीय शिविर

उत्तरकाशी जिले में सुशासन सप्ताह और 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत मुस्टिकसौड़ में एक बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 525 लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिला। कुल 78 जन–समस्याएं सामने आईं, जिनमें से 65 का मौके पर समाधान किया गया, जबकि 13 मामलों का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया गया। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन योजनाओं, जाति प्रमाणपत्र, कृषि व उद्यान विभाग से संबंधित सेवाएं दी गईं। स्वास्थ्य विभाग ने 168 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जबकि पशु चिकित्सा विभाग ने 102 पशुपालकों को दवाइयां दीं। इसके अलावा, सुशासन सप्ताह के तहत जिले की पांच न्याय पंचायतों– जुणगा, खालसी, ढुईक, जखोली और चंदेली में भी शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें जन–शिकायतों का समाधान किया गया और विभागीय सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई।

अपील

कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने हल्द्वानी और गौलापार के स्टेडियमों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से कार्यों में तेजी लाने की अपील की। उन्होंने फुटबॉल, तैराकी और बैडमिंटन सहित आठ खेलों के आयोजन की तैयारियों पर संतोष जताया, और निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।

दिशा निर्देश

उत्तरकाशी जिले के मुख्य विकास अधिकारी सुंदर लाल सेमवाल ने शीतकालीन यात्रा की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और पर्यटन सुविधाओं की सुचारु रूप से व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है।

साइबर ठगी

हरिद्वार जिले के रुड़की में सेवा निवृत्त एक बुजुर्ग महिला से साइबर ठगों ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला बताकर करीब 32 लाख रुपये ठगी की। इस संबंध में पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

उधर, नैनीताल जिले में पुलिस नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। जिले में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत एम्बुलेंस का इस्तेमाल कर गांजा तस्करी कर रहे दो लोगों को 58 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है।

वहीं, हरिद्वार जिले में नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत चल रही सघन चेकिंग के दौरान पुलिस ने अलग–अलग स्थान से तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार कर देशी व कच्ची शराब और स्मैक बरामद की। पुलिस ने तीनों नशा तस्करों का संबंधित धाराओं में चालान करने के बाद जेल भेज दिया है।